# 21776 - अकेले आशूरा के दिन का रोज़ा रखने का हुक्म

## प्रश्न

क्या यह जाइज़ है कि मैं केवल आशूरा के दिन का रोज़ा रखूँ, उस से पहले एक दिन या उसके बाद एक दिन का रोज़ा न रखूँ ?

## विस्तृत उत्तर

हर प्रकार की प्रशंसा और गुणगान केवल अल्लाह तआला के लिए योग्य है।.

शैखुल इस्लाम ने फरमाया : आशूरा के दिन का रोज़ा एक साल का कफ्फारा है,और अकेले उसी दिन का रोज़ा रखना मकरूह (नापसंदीदा) नहीं है . .. अल फतावा अल कुब्रा,भाग 5.

इब्ने हजर अल हैतमी की किताब "तोहफतुल मुहताज" में है कि : अकेले आशूरा का रोज़ा रखने में कोई पाप नहीं है। भाग 3, अध्याय : स्वैच्छिक रोज़ा।

तथा इफ्ता (फत्वा जारी करने) की स्थायी समिति से यही प्रश्न किया गया तो उसने निम्नलिखित उत्तर दिया :

"आशूरा का केवल एक दिन रोज़ा रखना जाइज़ है,किंतु सर्वश्रेष्ठ उसके एक दिन पहले या उसके एक दिन बाद का भी रोज़ा रखना है,और यही नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम से आपके इस फरमान के द्वारा प्रमाणित सुन्नत है : "यदि मैं अगले वर्ष तक जीवित रहा तो नवें मुहर्रम का (भी) रोज़ा रखूँगा।" (सहीह मुस्लिम हदीस संख्या : 1134)

इब्ने अब्बास रज़ियल्लाहु अन्हुमा ने फरमाया : (अर्थात् दसवें मुहर्रम के साथ)।

और अल्लाह तआला ही तौफीक़ प्रदान करने वाला (शक्ति का स्रोत) है।